भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2075
23 दिसम्बर, 2022 को जवाब दिया

हथकरघा की क्लस्टर विकास परियोजना

2075. श्री बीरेन्द्र प्रसाद बैश्यः

क्या **वस्त्र मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) पूर्वोत्तर वस्त्र संवर्धन योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र में हथकरघा की क्लस्टर विकास परियोजना की प्रगति क्या है;

(ख) इस योजना का अब तक प्रभाव और परिणाम क्या है;

(ग) क्या इस परियोजना के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के विशिष्ट क्षेत्रों और राज्यों की पहचान की गई है; और

(घ) क्या श्रम उत्पादकता और उत्पादन को जानने के लिए अब तक कोई सर्वेक्षण कराया गया है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (घ): पूर्वोत्तर क्षेत्र वस्त्र प्रोत्साहन योजना 2013-14 से 2020-21 तक प्रचालन में थी और 01.04.2021 से इसे बंद कर दिया गया था। इस योजना के तहत, 287 हथकरघा क्लस्टर विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 83.20 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

यह योजना संपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए कार्यान्वित थी और परियोजना के लिए किसी विशिष्ट क्षेत्र और राज्यों की पहचान नहीं की गई है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र वस्त्र प्रोत्साहन योजना के तहत शुरू की गई क्लस्टर विकास परियोजनाओं के कार्यों का मूल्यांकन स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किया गया। मूल्यांकन अध्ययनों से बुनकरों की कमाई और कार्य दिवसों की संख्या में वृद्धि की सूचना प्राप्त हुई।

हथकरघा क्षेत्र में लगे कार्यबल का आकलन करने के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा 2019-20 के दौरान हथकरघा संगणना कराई गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वोत्तर राज्यों में लगभग 18.55 लाख हथकरघा कामगार बुनाई और इससे जुड़ी गतिविधियों में लगे हुए हैं।

*****